रजनी

हिसार, हरियाणा

थप्पड़

"ओपन द माउथ बेटा" कहते हुए सामने बैठी औरत ने अपनी दो-तीन साल की बच्ची के मुंह में रोटी का निवाला डालते हुए अपना फोन देखना जारी रखा। छोटी बच्ची के हाथ में कीमती टैब था, जिसमें बच्ची का पसंदीदा कार्टून चल रहा

था। थोड़ी देर बाद उस औरत ने अगला निवाला बच्ची के मुंह में डालने के लिए बच्ची को मुंह खोलने के लिए दोबारा बोला। यह सिलसिला करीब दस मिनट तक चलता रहा। जसवीर रेलगाड़ी में बैठा यह नजारा सामने की सीट से देख रहा था।रोटी खिलाने के बाद औरत ने अपनी बेटी को सोने के लिए लिटा दिया।वह मासूम बच्ची लेटी हुई कार्टून देखती देखती सो जाती है पर उसकी मां उसके पास बैठी हुई लगातार मोबाइल में रीलें देख रही थी। अचानक उस बच्ची के हाथों नींद में ऊंघते हुए टैब नीचे गिर जाता है और वह डरी सहमी जाग जाती है।उसकी मां ने झट नीचे गिरे हुए टैब को लपक कर उठाया और एक जोरदार थप्पड़ बच्ची के मुंह पर मारा। जसवीर जब रोती हुई बच्ची की तरफ प्यार व दिलासे के साथ देखता हुआ उसकी मां की तरफ देखता है तो जसवीर की निगाह अचानक उस औरत पर ठहर जाती है क्योंकि जो थप्पड़ उस औरत ने अपनी मासूम व बेकसूर बच्ची के मुंह पर मारा था उसकी उंगलियों के निशान जसवीर को औरत के गाल पर छपे हुए महसूस हो रहे थे।